5

मुख्य वचन: मत्ती 26:20-29

प्रभु भोज का संस्थान

अपने क्रूस पर चढ़ाए जाने से पूर्ण गलील से यरूशलेम के मार्ग पर सामरिया पर जाते हुए यीशु एक नगर में आया, जहां उसने दस कोढ़ियों को चंगा किया (लूका 17:11-19)। वहां कई सबक देने के बाद वह यहूदिया में आया (मरकुस 10:1)। यरीहो से होते हुए (मरकुस 10:46), वह बैतनिय्याह पहुंचने तक चलता रहा (लूका 19:11)। इसके थोड़ी देर बाद ही उसने गदहे पर यरूशलेम में विजयी सवारी की (मरकुस 11:1-11; लूका 19:29-44), जहां उसने पैसे का कारोबार करने वालों को मन्दिर से निकाला (मरकुस 11:15-18)। शमौन कोढ़ी के घर में एक स्त्री ने उसे शुद्ध इत्र के साथ अभिषेक किया जैसे उसके दफ़न की तैयारी हो (मरकुस 14:3-9)। रात को वह बैतनिय्याह के निकट जैतून पहाड़ पर रुककर प्रतिदिन यरूशलेम को लौटता रहा (लूका 21:37, 38)।

मत्ती 26:1, 2 में, फसह से दो दिन पहले यीशु ने अपने चेलों को अपनी आने वाली मृत्यु के विषय में बताया। इसके थोड़ी देर बाद ही यहूदा ने उसे प्रधान याजकों और पुरनियों को हाथों जिन्होंने उसे पकड़कर मार डालने की ठानी हुई थी, पकड़वाने के लिए चांदी के केवल तीस सिक्कों में सौदा कर लिया (मत्ती 26:3-16; लूका 22:1-6)।

फसह

> अखमीरी रोटी के पर्ब्ब के पहिले दिन, जिस में वे फसह का बलिदान करते थे, उसके चेलों ने उस से पूछा, तू कहां चाहता है, कि हम जाकर तेरे लिए फसह खाने की तैयारी करें? (मरकुस 14:12)।
>
> और यीशु ने पतरस और यूहन्ना को यह कहकर भेजा, कि जाकर हमारे खाने के लिए फसह तैयार करो। उन्होंने उस से पूछा, तू कहां चाहता है, कि हम तैयार करें? उस ने उन से कहा जो शिक्षा देते थे कि कलीसियाओं को केवल विशेष ढंग से ही सहयोग करना चाहिए। देखो, नगर में प्रवेश करते ही एक मनुष्य जल का घड़ा उठाए हुए तुम्हें मिलेगा, जिस घर में वह जाए; तुम उसके पीछे चले जाना। और उस घर के स्वामी से कहो, कि मुरु तुझ से कहता है; कि वह पाहुनशाला कहां है जिस में मैं अपने चेलों के साथ फसह खाऊं? वह तुम्हें एक सजी सजाई बड़ी अटारी दिखा देगा; वहां तैयारी करना। उन्होंने जाकर, जैसा उस ने उन से कहा था, वैसा ही पाया, और फसह तैयार किया (लूका 22:8-13)।

भोज का दिन

विद्वानों में फसह के भोजन के दिन के बाद यीशु द्वारा स्थापित किए प्रभु भोज के दिन पर बहस की जाती है। यूहन्ना का वृत्तांत सुसमाचार के सहदर्शी वृतांतों के थोड़ा विपरीत माना जाता है।

दिलचस्प ढंग से पर प्रभु भोज के दिन को समझने की आवश्यकता नहीं है, यह तथ्य कि पुराने नियम में फसह के पर्व और अखमीरी रोटी के पर्व में अन्तर किया जाता है (लैव्यव्यवस्था 23:5, 6; गिनती 28:16, 17)। फसह के पर्व के मेमने का काटा जाना और खाया जाना पहले महीने के चौदहवें दिन होता है (निर्गमन 12:3–8; गिनती 9:2–5)। पन्द्रहवें दिन, अखमीरी रोटी का पर्व आरम्भ होता था। यह सात दिन तक चलता था।[1]

नये नियम के समयों तक दोनों पर्व एक ही दिन मनाए जाते थे (मरकुस 14:1, 12)। यह सुसमाचार के सहदर्शी वृत्तांतों के साथ यूहन्ना के मेल खाने की समस्या को समझाने में सहायक हो सकता है।

एक और मान्यता यह है कि हो न हो यूहन्ना ने यहूदी समय के बजाय रोमी समय का इस्तेमाल किया। नहीं तो सुसमाचार का यूहन्ना का वृत्तांत मरकुस के वृत्तांत के विपरीत है। उदाहरण के लिए, यूहन्ना ने लिखा कि पिलातुस यहूदियों को यीशु को छठे घण्टे क्रूस पर चढ़ाने देने को सहमत हो गया (यूहन्ना 19:14), जबकि मरकुस ने कहा कि यीशु पहर दिन यानी तीसरे घण्टे क्रूस पर चढ़ाया गया (मरकुस 15:25)।

''बाद में पहली सदी में इफिसुस ने लिखते हुए यूहन्ना ने उस समय की वर्तमान रोमी गणना को अपना लिया होगा जो हमारी गणना की तरह आखिरी रात से दोपहर तक बनती है।''[2] यह मानने के लिए कि यूहन्ना ने इस गणना का इस्तेमाल किया, सुसमाचार के अन्य वृतांतों के साथ उसके लेखन को मिलाने का सबसे आसान ढंग है। यदि ऐसा न होता तो यह वृत्तांत मिलाए नहीं जा सकते।

> विद्वानों ने इस पर बहस की है कि अन्तिम भोज फसह का भोजन था या नहीं। ... सुसमाचार के सहदर्शी वृत्तांत यह कहते हैं कि यह था (मत्ती 26:17), पर यूहन्ना 19:14 ने इस पर कुछ संदेह डाला है। परन्तु यदि ''फसह की तैयारी का दिन'' (RSV) अभिव्यक्ति को ''फसह की तैयारी का सप्ताह'' (NIV) के रूप में समझना हो तो यूहन्ना की आयत को सहदर्शी परम्परा से उलझाने की आवश्यकता नहीं है। इस संदर्भ में ''तैयारी करने'' शुक्रवार होगा क्योंकि हर शुक्रवार साप्ताहिक सब्त की तैयारी का दिन होगा। यहां ''फसह'' शब्द सप्ताह भर चलने वाले अखमीरी रोटे के पल को शामिल करने के लिए किया गया होगा, जो उस समय के फसह के प्रसिद्ध इस्तेमाल से एक लम्बे पर्व में मिल गया था।[3]

सदूकियों की तरह यूहन्ना का रोमी समय का इस्तेमाल उस दिन के मनाए जाने की विसंगति को भी बयान करे।

> यीशु फसह के मेमने के काटे जाने के सामान्य समय यानी निसान 14 की दोपहर के समय क्रूस पर चढ़ाया गया था। निसान 14 का आरम्भ गुरुवार के सूर्यास्त के साथ आरम्भ

> हुआ और शुक्रवार सूर्यास्त के अन्त तक रहना था। मेम्नों के काटे जाने का यह सामान्य समय था। पर अधिकारियों ने और कलैंडर को मानने वालों के साथ सहमति दिखाई थी और उन्हें गुरुवार दोपहर बाद मेमनों के काटने की अनुमति दे दी। यह अन्तर इस बात को स्पष्ट करता है कि यीशु के आरोप लगाने वालों ने अभी फसह क्यों नहीं खाया था (यूहन्ना 18:28)। वे इसे निसान 15 इसका आरम्भ सूर्यास्त के साथ होना था, यानी शुक्रवार शाम को लेने वाले थे।[4]

प्रभु भोज का मनाया जाना यहूदी दिन के आरम्भ के थोड़ी देर बार आरम्भ हुआ (मत्ती 26:20; मरकुस 14:17)। समय की रोमी गणना से यह 6:00 अपराह्न के बाद गुरुवार शाम का समय था।

> अगली प्रातः, दस घण्टों बाद यीशु को क्रूस पर चढ़ाया गया था (मरकुस 15:42, 43; लूका 23:46, 54; यूहन्ना 19:14, 30, 32)। यह ''सब्त के बाद'' के दिन की सुबह सुबह का समय था-इस कारण सप्ताह के पहले दिन अर्थात रविवार, कुछ महिलाएं कब्र पर गईं और उन्होंने चौंकाने वाली खबर दी, ''वह जी उठा है'' (मत्ती [28]:1, 6; मरकुस 16:2, 6; लूका 24:1, 6; यूहन्ना 20:1)।[5]

भोज की पृष्ठभूमि

फसह का यह भोजन यीशु के लिए महत्वपूर्ण था:

> जब घड़ी पहुंची, तो वह प्रेरितों के साथ भोजन करने बैठा। और उस ने उन से कहा; मुझे बड़ी लालसा थी, कि दुख-भोगने से पहिले यह फसह तुम्हारे साथ खाऊं (लूका 22:14, 15)।

अपनी आने वाली मृत्यु का तनाव और खिचाव सम्भवतया यीशु के चेहरे के भाव से और उसकी आवाज के सुर से दिखाई दे रहा था। पहले उसने कहा था कि वह दुख के आने वाले बपतिस्मे यानी क्रूस के सन्ताप के पूर्वाभास ने कितना परेशान और सकेती में ''*sunecho*'' है (लूका 12:50)। गतसमनी बाग में उसने कहा, ''मेरा जी बहुत उदास है, यहां तक कि मेरे प्राण निकलना चाहते हैं'' (मत्ती 26:38क)। प्रार्थना करते हुए भूमि पर लहू की बूंदों की तरह गिरने वाले पसीने से उसकी प्रार्थना की सच्चाई और उसके मन की पीड़ा प्रगट हो गई (लूका 22:44)।

आधुनिक रिवाज़ की तरह सीधे बैठने के बजाय जब यीशु और प्रेरितों ने फसह खा लिया, तो यीशु और प्रेरित मेज़ की ओर झुके। उस स्थिति में यूहन्ना यीशु की छाती की ओर झुका (यूहन्ना 13:23)। यह कालीन और अपने प्रेरितों के साथ खाने की यीशु की इच्छा की बात (लूका 22:15) से उनके लिए उसके प्रेम का (यूहन्ना 13:1) और उनके व्यक्तिगत समर्थन की इच्छा का पता चल गया (मत्ती 26:40)।

यीशु और प्रेरितों ने सम्भवतया फसह मनाने का यहूदी क्रम अपनाया होगा। इसमें चार कटोरों का परम्परागत इस्तेमाल शामिल है। कई अन्तरालों में आनन्द का प्रतीक दाख के चार कटोरे इस्तेमाल किए जाते हैं।''[6] चार कटोरों का विवरण विद्वानों से इन प्रकार किया है:

- पराम्भिक–हरे साग पात, कड़वे साग पात के खाने के बाद धन्यवाद की प्रार्थना और पहले कटोरे में से (मिसर की दासता के स्मरण में) और फल की चटनी ली जाती थी। एक बेटा फसह का अर्थ पूछता और उसका पिता उत्तर देता।
- कर्मकाण्ड–फसह की कहानी बताई जाती, इसमें भाग लेने वाले भजन संहिता 113 और 114 को गाते (छोटा *hallel*) और फिर दूसरा कटोरा लिया जाता।
- भोजन–अखमीरी रोटी और मेमने के खने के बाद, आशीष की प्रार्थना की जाती। मेमना पूरी तरह से खा लिए जाने पर, तीसरा कटोरा (आशीष का कटोरा) परोसा जाता।
- समाप्ति–भजन संहिता 115:1–18 (बड़ा *hallel*) गाने के बाद, लोग चौथा और अन्तिम कटोरा पीते।

एक नया यादगारी पर्व (पढ़ें लूका 22)

प्रेरितों के साथ फसह खाने के बाद यीशु ने अखमीरी रोटी और दाख के रस का इस्तेमाल करते हुए अपने भोज की स्थापना की। कइयों का मानना है कि यीशु द्वारा लूका 22:17 में इस्तेमाल किया गया कटोरा फसह में इस्तेमाल होने वाला दूसरा कटोरा है और लूका 22:20 में उसी का उल्लेख है यानी जिसका इस्तेमाल यीशु ने प्रभु भोज की स्थापना में किया वास्तव में वह फसह का तीसरा कटोरा था। ''[नये नियम] के लेख से'' यह स्पष्ट होता प्रतीत होता है कि यीशु ने दाख रस के तीसरे कटोरे के साथ इसे जोड़ते हुए प्रभु भोज की स्थापना की, जो फसह के भोजन के खाने के बाद आता था।''[7]

> यह कटोरा [तीसरा कटोरा अर्थात आशीष का कटोरा] यहूदियों में परम्परागत फसह के भोजन का भाग था। यह चार में से तीसरी बार था कि इसमें भाग लेने वालों ने भोजन के दौरान कटोरा लिया। परागत रूप में तीसरा कटोरा निर्गमन 6:6, 7 में इस्राएल की दी गई परमेश्वर की चार प्रतिज्ञाओं में से तीसरी से सम्बन्धित ... यह छुटकारे के लिए यीशु के लहू बहाने जाने का प्रतीक बन गया। ...[8]

यीशु ने कटोरे का क्या किया इसका वर्णन मत्ती, मरकुस और लूका ने एक ही तरह से किया है। पर केवल लूका यह दिखाता है कि रोटी देने से पहले उसने क्या किया (लूका 22:18, 19)।

इन तथ्यों के आधार पर लूका की बातों का सही विचार इस प्रकार हो सकता है:

- यीशु ने ''एक कटोरा'' लिया (वह जिसका उल्लेख पहले नहीं हुआ पर सम्भवतया फसह में इस्तेमाल हुआ) और धन्यवाद किया (आयत 17क)।
- फिर उसने उस कटोरे की चीज़ें प्रेरितों को आपस में ''बांटने'' (*diamerizo*) के लिए कहा (आयत 17ख)। ''बांटना'' के लिए शब्द का अर्थ ''भागों में बांटना'' था।[9] उन्होंने कटोरा लेकर उसे अपने छोटे छोटे कटोरों में डालकर उसे बांट दिया।[10] उसने उन्हें पीने को नहीं कहा।
- फिर उसने कहा कि वह इसे तब तक नहीं पीएगा, जब तक परमेश्वर का राज्य नहीं आता (आयत 18)।

- इसके बाद उसने रोटी ली, उसे आशीष दी और उसे उन्हें दिया और उन्होंने खा लिया (आयत 19)।
- फिर उसने ''कटोरा'' लिया (वही एक जिसे पहले ''एक कटोरा'' कहा गया था) जिसके लिए उसने धन्यवाद किया था और जिसमें से उन्होंने दाख का रस अपने अपेन कटोरों में डाला था (आयत 20क)।
- उसके बाद उसने उन्हें पीने को कहा और बताया कि दाख का रस नई वाचा का उसका लहू है (आयत 20ख; मत्ती 26:27)।
- दाख के रस को अपने अपने कटोरों में डालकर कटोरे को पहले ही बांट चुके प्रेरितों ने पिया, शायद एक साथ।

जो वहां थे

तीनों वृत्तांत बताते हैं कि बारह के बाद यानी प्रेरित, फसह के भोजन के लिए वहां थे:

> जब सांझ हुई, तो वह बारहों के साथ भोजन करने के लिए बैठा (मत्ती 26:20)।
>
> जब सांझ हुई, तो वह बारहों के साथ आया (मरकुस 14:17)।
>
> जब घड़ी पहुंची, तो वह प्रेरितों के साथ भोजन करने बैठा (लूका 22:14)।

भोज के बाद यहूदा रात को बाहर चला गया (यूहन्ना 13:2-4, 30)। इसके बाद यीशु ने अन्य ग्यारह प्रेरितों को लम्बा भाषण दिया (यूहन्ना 13:31-16:33)।

यह समझते हुए कि वहां केवल प्रेरित थे यीशु के उन्हें निर्देश देने के कारण यह महत्वपूर्ण है। प्रेरितों को, न कि उसके सब चेलों को पवित्र आत्मा के द्वारा प्रेरणा देने की प्रतिज्ञा की गई थी (यूहन्ना 14:17, 26; 15:26, 27; 16:7, 13)। वह पूरी बातचीत के दौरान उन्हें ''तुम'' और ''हम'' कहते हुए उनसे बात कर रहा था (14:7-20, 25-31; 15:3-5, 19, 26, 27; 16:1, 2, 4-7, 10, 12-17, 19, 20, 22-28, 31-33)। उसने उन्हें ''कोई नहीं'' (यूहन्ना 14:6; 15:13), ''वह'' (यूहन्ना 14:12, 21, 24; 15:5, 6, 12, 23), ''यदि कोई'' (यूहन्ना 14:23; 15:6), और ''उन्होंने'' और ''वे'' (यूहन्ना 15:20-22, 24; 16:2, 4, 9) कहते हुए दूसरों को शामिल किया।

यीशु ने यह प्रतिज्ञाएं केवल प्रेरितों से कीं, जब तक किसी अन्य अवसर पर वे दूसरों से नहीं की गईं। पौलुस सहित प्रेरितों के अलावा केवल नये नियम के नबियों को प्रकाशन मिला (इफिसियों 3:3-5)।

नीचे दी गई बातें इस बात का संकेत हैं कि यीशु यूहन्ना 14-16 में अपने भाषण के लिए केवल वहां उपस्थिति प्रेरितों से बात कर रहा था।

- उसने उन्हें न घबराने और न दुखी होने को कहा (यूहन्ना 14:1, 27; 16:6, 22)।
- वे आरम्भ से यीशु के साथ रहे थे (यूहन्ना 14:25; 15:27)।
- उसने उन्हें बताया कि यह होने से पहले क्या होगा (यूहन्ना 14:29; 16:4)।
- उसने उन्हें उससे उनके साथ अधिक बातें न करने की उम्मीद करने को कहा (यूहन्ना

14:30)।

- यीशु ने उन्हें वह सब बताया था जो उसने पिता से सीखा था (यूहन्ना 15:15)।
- उसने चेतावनी दी कि उन्हें आराधनालयों में से निकाल दिया जाएगा और मार डाला जाएगा (यूहन्ना 16:2)।
- उसने उनसे कहा कि वे उससे यह न पूछें कि वह कहां जा रहा है (यूहन्ना 16:5)।
- उसने उनसे कहा कि वे थोड़ी देर के लिए उसे न देखन और फिर दोबारा उसे थोड़ी देर के लिए देखने की उम्मीद करें (यूहन्ना 16:16-19)।
- उसने उनसे प्रतीकों में बातें की (यूहन्ना 16:25)।
- उन्होंने अपने घरों की ओर बिखर जाना था (यूहन्ना 16:32)।

आत्मा ने प्रेरितों और भविष्यवक्ताओं के ऊपर यीशु की शिक्षा प्रगट की (इफिसियों 3:5), जो कलीसिया की नींव हैं (इफिसियों 2:20)। जिन लोगों के ऊपर प्रेरितों ने अपने हाथ रखे (प्रेरितों 8:18; 19:6) उन्हें पवित्र आत्मा मिला। प्रेरितों को विलक्षण दान मिले थे, जैसा पौलुस ने संकेत दिया: ''प्रेरित के लक्षण भी तुम्हारे बीच सब प्रकार के धीरज सहित चिन्हों, और अद्‌भुत कामों, और सामर्थ के कामों से दिखाए'' (2 कुरिन्थियों 12:12)।

प्रेरितों और भविष्यवक्ताओं को पवित्र आत्मा के द्वारा दी गई प्रेरणा और सामर्थ हमें आश्वासन देती है कि यीशु की शिक्षा को सही ढंग से सम्भालकर रखा गया है। उसने उन्हें सब बातें सिखाईं, उन्हें वह सब याद दिलाया जो उसने उन्हें दिखाया था (यूहन्ना 14:26), और सारी सच्चाई में उनकी अगुआई की (यूहन्ना 16:12, 13)।

भोज के समय उपस्थित लोग वे हैं जिन्हें इन दानों के दिए जाने की प्रतिज्ञा दी गई थी। वे दान दूसरे लोगों को केवल प्रेरितों के हाथ रखने के द्वारा दिए जा सकते थे।

चेलों के पांव धोना

भोज के बाद प्रेरित आपस में झगड़ने लगे कि उनमें से बड़ा कौन है। यीशु ने समझाया कि सबसे बड़ा वही है जो सेवा करे (लूका 22:24-27; देखें यूहन्ना 13:3-17)।

अपने उत्तर को समझाने के लिए यीशु भोज पर से उठा था (यूहन्ना 13:1-4क), तौलिए से कमर बांधी और अपने चेलों के पांव धो दिए (यूहन्ना 13:4ख-10)। पांव धोने के बाद उसने समझाया:

> क्योंकि मैं ने तुम्हें नमूना दिखा दिया है, कि जैसा मैं ने तुम्हारे साथ किया है, तुम भी वैसा ही किया करो। मैं तुम से सच सच कहता हूं, दास अपने स्वामी से बड़ा नहीं; और न भेजा हुआ अपने भेजनेवाले से (यूहन्ना 13:15, 16)।

यह व्याख्या लूका के विवरण से मेल खाती है:

> क्योंकि बड़ा कौन है; वह जो भोजन पर बैठा या वह जो सेवा करता है? क्या वह नहीं जो भोजन पर बैठा है? पर मैं तुम्हारे बीच में सेवक की नाईं हूं (लूका 22:27)।

इन कथनों और मेल खाती पृष्ठभूमि की समरूपता के आधार पर हम निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि लूका और यूहन्ना दोनों एक ही अवसर की बात कर रहे थे। यीशु उन्हें केवल बातों से ही नहीं सिखा रहा था कि बड़ा कौन है बल्कि उसने दीनता से अपने प्रेरितों के पैर धोकर उसे दिखा भी दिया कि बड़ा होने का अर्थ क्या है।[11]

इस प्रदर्शन के थोड़ा पहले यीशु ने भविष्यवाणी की थी कि उसके प्रेरितों में से एक उसे पकड़वाएगा:

> क्योंकि मनुष्य का पुत्र तो जैसा उसके लिए ठहराया गया जाता ही है, पर हाय उस मनुष्य पर, जिस के द्वारा वह पकड़वाया जाता है! तब वे आपस में पूछताछ करने लगे, कि हम में से कौन है, जो यह काम करेगा? (लूका 22:22, 23)।

यूहन्ना के पास बैठे हुए पतरस ने उससे यीशु से यह पूछने को कहा कि वह कौन होगा। यह संकेत देने के लिए कि यहूदा ही वह पकड़वाने वाला है यीशु के उसे रोटी का ग्रास देने के बाद, शैतान उसमें प्रवेश कर गया और वह रात को यहूदी अधिकारियों को यीशु के पास लाने के लिए चला गया (यूहन्ना 13:21-30)।

सारांश

प्रभु भोज कलीसिया के लिए एक महत्वपूर्ण घटना है। इसके द्वारा यीशु ने मनुष्य के इतिहास में अपने शारीरिक प्रवेश करने को याद करने के एक दिखाई देने वाला ढंग दिया ताकि वह संसार के पापों के लिए मर सके। कलीसिया के लोगों के रूप में प्रत्येक सप्ताह भोज खाकर हम हमारे पापों के लिए उसकी मृत्यु, उसके जी उठने और उसकी प्रसिद्ध वापसी में अपने विश्वास की घोषणा करते रहते हैं। मसीही लोगों के लिए उसके दोबारा आने तक प्रभु भोज को मनाना आवश्यक है (1 कुरिन्थियों 11:26)।

टिप्पणियां

[1]पढ़ें निर्गमन 12:17, 18; 13:4-7; 34:18. [2]एमिट रसल, "आर," *द न्यू इन्टरनैशलन डिक्शनरी ऑफ़ द बाइबल,* सम्पा. मैरिल सी. टैनी (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: ज़ौंडरवन पब्लिशिंग हाऊस, 1987), 453. [3]मैरविन आर. विल्सन, "पासओवर," *द इंटरनैशनल स्टैंडर्ड बाइबल इन्साक्लोपीडिया,* सम्पा. ज्योफ्री डब्ल्यू. ब्रोमिले (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: विलियम बी. ईर्डमैंस पब्लिशिंग कं., 1986), 3:677-78. [4]रॉबर्ट एल. थॉमस, सम्पा., *ए हारमनी ऑफ़ द गॉस्पलज़ विद एक्सप्लेनेशनज़ एण्ड एसेस, यूसिंग द टैक्स्ट ऑफ़ द न्यू अमेरिकन स्टैंडर्ड बाइबल* (शिकागो: मूडी प्रैस, 1978), 322. [5]विलियम हैंड्रिक्सन, *एक्सपोजिशन ऑफ़ द गॉस्पल अकॉर्डिंग टू मू,* न्यू टैस्टामैंट कमैंटरी (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: बेकर बुक हाऊस, 1978), 954. [6]विल्सन, 677. [7]वही, 678. [8]थॉमस, 213. [9]हैंड्रिक्सन, 954. [10]जे. रेलिंग एण्ड जे. एल. स्वेलंग्रेबल, *ए ट्रासलेटर'स हैंडबुक ऑन द गॉसपल ऑफ़ लूक* (न्यू यार्क: यूनाइटड बाइबल सोसायटी, 1971), 686. फसह के दौरान यहूदी परम्परा हर व्यक्ति के लिए मुख्य कटोरे में से अपने अपने कटोरे में लेने की थी, जिसके बाद सभी एक ही समय में पी सकते थे। यीशु और उसके प्रेरितों ने इसी परम्परा के अनुसार किया होगा।

[11]इस कार्य से उसने विनम्रतापूर्वक सेवा करना सिखाया, न कि पैर धोना। नये नियम के अन्य भागों में इसे विनम्र सेवा के रूप में दिखाया गया है (लूका 7:38-44; 1 तीमुथियुस 5:10), न कि आराधना के कार्य के रूप में। पुराने नियम में इसका उद्देश्य घर के माहौल में पानी से गंदे पांव साफ़ करना (उत्पत्ति 18:4; 19:2; 24:32; 43:24;

न्यायियों 19:21; 1 शमूएल 25:41; 2 शमूएल 11:8; श्रेष्ठगीत 5:3) या पवित्र स्थान में सेवा के लिए प्रवेश करने से पूर्व याजकों का पांव धोना (निर्गमन 30:19-21; 40:30, 31)।

एक कालक्रमः रोमी समय के साथ यहूदी समय की तुलना

नीचे फसह के मनाए जाने और प्रभु भोज की स्थापना से क्रूस पर यीशु की मृत्यु के घण्टों की मेल खाती बातें हैं:

यहूदी समय		*रोमी समय*
	फसह और प्रभु भोज	
(मत्ती 26:20; मरकुस 14:17)		
शुक्रवार, इसके आरम्भ होने के थोड़ी देर बार	''शाम''	गुरुवार, 6:00 सायं
	यीशु के मुकद्दमे का अन्त	
		(यूहन्ना 19:14)
शुक्रवार, सुबह		शुक्रवार 6:00 प्रातः
	यीशु का क्रूस दिया जाना	
(मरकुस 15:25)		
शुक्रवार, पहर दिन (प्रातः)		शुक्रवार, 9:00 प्रातः
	तीन घण्टे तक अंधेरा	
(मत्ती 27:45; मरकुस 15:33; लूका 23:44)		
शुक्रवार से, तीसरे पहर		शुक्रवार, 12:00 दोपहर
शुक्रवार का अन्त		शुक्रवार, 3:00 दोपहर